

## मुंबई रणजी टीम के खिलाड़ियों से मिले रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टीम इंडिया के ओपनर रोहित शर्मा मंगलवार को मुंबई रणजी टीम के खिलाड़ियों से मिले। भारत का यह सीनियर बल्लेबाज इस दौरान लगातार दो हार झेलने वाली मुंबई रणजी टीम को इस परिस्थिति से बाहर निकलने की सीख देता नजर आया। रोहित को श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से आराम दिया गया है लेकिन वह फिर भी क्रिकेट से दूर नहीं हैं। मुंबई टीम रणजी ट्रॉफी में पहले रेलवे से 10 विकेट से और फिर कर्नाटक से 5 विकेट से हार गई थी। इस मौके पर मौजूद मुंबई टीम के सूत्र ने कहा कि भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान ने बांद्रा कुर्ला परिसर (बीकेसी) में मुंबई रणजी टीम के खिलाड़ियों से बात की और उन्हें बताया कि वर्तमान परिस्थिति से कैसे उबरना है। रोहित ने शनिवार को थोड़ी देर के लिए मुंबई और कर्नाटक के बीच दूसरे दिन का खेल देखा था। वह रविवार को भी बीकेसी आए और उन्होंने नेट्स पर अभ्यास किया। इस मौके पर मुंबई के कोच विनायक सावंत, गेंदबाजी कोच प्रदीप सुंदरम और टीम मैनेजर अजिंक्य नाइक भी उपस्थित थे। मुंबई को अपना अगला रणजी मैच 11 जनवरी से तमिलनाडु के खिलाफ चेन्नै में खेलना है।

# पंत स्पेशल टैलंट हैं, चयन का फैसला सिलेक्टर्स का

**क्रिकेट**

### पंत के साथ-साथ टीम प्रबंधन ने संजू सैमसन को भी टीम में चुना पर मौका मिलना बाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस बात में कोई संदेह नहीं कि भारतीय टीम प्रबंधन युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी की रेस में सबसे आगे मानता है। टीम प्रबंधन का मानना है कि जब भी धोनी संन्यास लेंगे तो पंत ही उनकी जगह लेंगे।

लेकिन अगर पंत की हालिया फॉर्म पर नजर डालें तो दिल्ली के इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है। पंत कई बार गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेलकर आउट हुए हैं और इसकी वजह से उन्हें काफी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही विकेट के पीछे भी वह काफी गलतियां कर रहे हैं। ऐसे में संजू सैमसन का नाम भी विकल्प के रूप में सामने आ रहा है। और





माना जा रहा है कि केरल का यह खिलाड़ी वनडे इंटरनैशनल और टी20 इंटरनैशनल टीम में जगह बना सकते हैं।

इन सभी मुद्दों पर बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया डॉट कॉम के साथ बात की। गांगुली ने कहा, 'यह सब चयन से जुड़े मसले हैं जिन पर चयनकर्ता ही कोई फैसला करते हैं। लेकिन ऋषभ पंत एक स्पेशल टैलंट हैं और हमने देखा कि वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन अच्छा है लेकिन आखिरी फैसला चयनकर्ताओं को ही करना है।

गांगुली ने हाल ही में भारत में पहला पिंक बॉल टेस्ट मैच का आयोजन करवाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कप्तान विराट कोहली को इसके लिए राजी किया। भारत और बांग्लादेश के बीच कोलकाता में खेले गए डे-नाइट टेस्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। गांगुली से जब पूछा गया कि क्या अब बीसीसीआई भविष्य में आयोजित होने वाली सीरीज के लिए अधिक से अधिक पिंक बॉल टेस्ट का आयोजन करवाएगी?

इस पर गांगुली ने कहा, इसके लिए हमें अन्य क्रिकेट बोर्ड से भी बात करनी होगी। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि पिंक बॉल टेस्ट ने भारत में काफी लोकप्रियता हासिल कर ली है। भारतीय क्रिकेट को नई दशा और दिशा देने में सौरभ गांगुली की महती भूमिका रही है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में गिने जाते हैं। तो एक खिलाड़ी में ऐसी क्या खूबियां होनी चाहिए तो उसे एक अच्छा कप्तान बनाती है?

## 24 मई को होगा फाइनल, नहीं होंगे दिन में 2 मुकाबले, जल्दी शुरू होंगे मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 की शुरुआत मुंबई में 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में होनी तय है। वहीं इसका फाइनल अब 24 मई को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 57 दिन चलेगा इसका अर्थ यह है कि शायद अब ब्रॉडकास्टर्स की चल जाए और किसी भी दो दिन मुकाबले नहीं होंगे। हर मैच की शुरुआत शाम साढ़े सात बजे ही शुरू होंगे। करीबी सूत्रों ने बताया 2020 का संस्करण 57 दिन चलेगा। लंबे समय का अर्थ यह है कि एक दिन में दो मुकाबले अब इतिहास की बात हो सकते हैं।

सूत्र ने कहा, 'हालांकि अभी पूरा शेड्यूल तैयार नहीं है लेकिन यह तय है कि टूर्नामेंट का फाइनल



24 मई को होगा और इसकी शुरुआत 29 मार्च को मुंबई में होगी। इसका अर्थ है कि आपको 45 दिन से ज्यादा वक्त मिलेगा। ऐसे में एक दिन में एक मैच करवाने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

यह देखते हुए कि प्रसारणकर्ता मैच को जल्दी शुरू करना चाहते थ सूत्र ने कहा कि यह भी लगभग तय है कि मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू हो जाएंगे। यह सिर्फ प्रसारणकर्ताओं की बात नहीं है बल्कि अगर हम पिछले सीजन को देखें तो अधिकतर मैच काफी देर से समाप्त हुए थे।

उन्होंने कहा, 'देखिए, टीआरपी एक सवाल जरूर है। लेकिन आप सिर्फ उसे ही मत देखिए। आप देखिये कि पिछले साल मैच कितनी देर से समाप्त हुए थे। यह उन लोगों के लिए भी समस्या थी जो मैच देखने स्टेडियम में आए थे। उन लोगों को भी मैच के बाद घर जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस बारे में काफी बात की गई और अब लगता है कि इस सीजन में मैच शाम को साढ़े सात बजे शुरू हो सकते हैं।

हालांकि फ्रैंचाइजी मानते हैं कि जिस समय मैच शुरू करने की बात कही जा रही है उस समय तक लोगों के लिए काम खत्म करके मैदान पर पहुंच पाना लगभग असंभव है।

## चार दिन का टेस्ट मैच अच्छा विचारः इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने 4 दिन के टेस्ट मैच को अपना समर्थन दिया है। हाल ही संन्यास लेने वाले इस पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी ने कहा कि यह आगे जाने के लिए अच्छा विचार है। पठान ने कहा, 'मैं यह बात काफी दिनों से कहता आ रहा हूं कि चार दिन के टेस्ट मैच आयोजित कराए जाने चाहिए। मुझे लगता है कि आगे जाने का सही तरीका है।' उन्होंने कहा, 'हम रणजी ट्रॉफी में भी चार दिन के टेस्ट मैच खेलते हैं और परिणाम भी आते हैं। तो टेस्ट मैच क्यों नहीं?' बाएं हाथ के पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'आज के दिनों में परिणाम लगातार आ रहे हैं लेकिन चार दिन के टेस्ट मैच होते हैं तो हर मैच में परिणाम आएंगे... मैं पूरी तरह से चार दिन के टेस्ट मैच को लेकर सहमत हूं।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप-2023 में चार दिन के टेस्ट मैच को आयोजित कराने पर विचार कर रही है। पठान का यह बयान उस समय आया है, जब सचिन तेंडुलकर, ग्लैन मैक्ग्रा, गौतम गंभीर, रिकी पॉन्टिंग, शोएब अख्तर, नाथन लियोन और टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली जैसे दिग्गज इसके खिलाफ बोल चुके हैं।

## न्यूज डायरी



### महिला टी20 वर्ल्ड कप की संभावित खिलाड़ियों का चयन रविवार को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम और इसके बाद वहीं होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए संभावित खिलाड़ियों का चयन मुंबई में रविवार को किया जाएगा। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत कैनबरा में 31 जनवरी से होगी। टीमें एक दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी जिसके बाद फाइनल होगा।

इस टूर्नामेंट से स्पष्ट संकेत मिलेंगे कि 21 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की तैयारी कैसी है। भारत टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन मेजबान और चार बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में करेगा। महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दो सबसे सफल टीमों में से हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'त्रिकोणीय सीरीज महत्वपूर्ण होगी।

### सर्जरी के कारण इंग्लैंड के ओपनर बर्न्स 4 महीने के लिए हुए बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रॉरी बर्न्स बाएं टखने की सर्जरी के कारण चार महीनों के लिए बाहर हो गए हैं। वह मार्च में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। बर्न्स को केपटाउन टेस्ट मैच से पहले वॉर्मअप के दौरान फुटबॉल खेलते हुए चोट लग गई थी। इसी कारण वह दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, 'इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज रॉरी बर्न्स की सर्जरी सफल रही। सर्जरी सोमवार को लंदन में हुई। इसी कारण सरे के कप्तान चार महीने तक मैदान से दूर रहेंगे।' बर्न्स के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने वॉर्मअप में फुटबॉल खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### प्रजनेश बेंडिगो चौलेंजर से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंडिगो। प्रजनेश गुणेश्वरन मंगलवार को यहां जापान के टेरो डेनियल के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे दौर में हार के साथ बेंडिगो चौलेंजर टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दुनिया के 122वें नंबर के खिलाड़ी प्रजनेश को एक लाख 62 हजार 480 डालर इनामी एटीपी चौलेंजर प्रतियोगिता में जापान के खिलाड़ी के खिलाफ 4-6 6-7 से हार झेलनी पड़ी जिनकी रैंकिंग उनसे 16 स्थान बेहतर है। भारतीय खिलाड़ी एक घंटा और 30 मिनट चले मुकाबले के दौरान छह में से एक ही ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठा पाया जबकि उन्होंने अपने खिलाफ आठ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए। प्रजनेश ने पीटीआई से कहा, ''यह करीबी मैच था और मुझे काफी मौके मिले लेकिन मैं इनका फायदा नहीं उठा पाया। मैंने काफी गलतियां की। मैं आक्रामक था और मैंने आक्रमण करने का प्रयास किया और यह आज के मैच का सकारात्मक पक्ष रहा।''

### सेरेना ने कैमिला को हराकर 2020 की सिंगल्स में पहली जीत दर्ज की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। अमेरिका की दिग्गज टेनिस प्लेयर सेरेना विलियम्स ने मंगलवार को ऑकलैंड डब्ल्यूटीए क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में इटली की क्वॉलिफायर कैमिला जार्जी को सीधे सेटों में हरा कर 2020 सत्र की सकारात्मक शुरुआत की।

इस महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन पर नजरें टिकाए बैठीं 38 साल की अमेरिकी खिलाड़ी सेरेना ने दुनिया की 99वें नंबर की खिलाड़ी कैमिला को 6-3, 6-2 से हराया। सेरेना को शुरुआत में दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता रूस की स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा के खिलाफ खेलना था लेकिन बीमार होने के कारण विरोधी खिलाड़ी टूर्नामेंट से हट गईं।

इससे पहले सेरेना विलियम्स और कैरोलिन वोज्नियाकी की जिन्होंने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में पहले दौर के युगल मैच में जीत दर्ज की। सेरेना और वोज्नियाकी ने जापान की नाओ हिबिनो और मिकोतो निनोमिया को 6-2, 6-4 से हराया। यह मैच ऐतिहासिक था।